के उल्लंघन के लिए दण्ड का प्रावधान करती है ।

(ग) मांसभक्षियों में पशुरोगों के संचरण की कोई घटना कृषि मंत्रालय के ध्यान में नहीं लाई गई है ।

(घ) से (च) : कृषि मंत्रालय भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानकों को खासकर उन वधशालाओं में, जिन्हें केन्द्रीय सरकार द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई है, क्रियान्वित करने पर ध्यान दे रही है ।

भूख से हुई मौतें

1801. **श्री राम नरेश यादव :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पिछले चार महीनों के दौरान देश के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों/शहरों में भूख से हुई अनेक मौतों के बारे में कोई जानकारी है; यदि हां, तो उनका राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार ने भूखमरी को रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए हैं; और

(ग) भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए क्या निदेश जारी किए जाने की सम्भावना है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) : राज्य सरकारों ने पिछले चार महीनों के दौरान भूख से मृत्यु होने की किसी घटना की सूचना नहीं दी है ।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठते ।

नये उन्नत और विकसित बीजों का उत्पादन

1802. **श्री अनन्त राम जायसवाल :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नये उन्नत और विकसित किस्म के बीजों का उत्पादन बढ़ाने और उन्हें किसानों को उपलब्ध कराने का कार्य राष्ट्रीय बीज निगम जैसे और कौन-कौन से निगम करते हैं ;

(ख) इन निगमों द्वारा छठे दशक के अन्तिम वर्षों में प्रत्येक फसल-वर्ष के दौरान सब्जियों के बीजों का कितना उत्पादन किया गया तथा 1990-91 और 1991-92 के फसल वर्ष में इनका कितना-कितना उत्पादन था;

(ग) उक्त निगमों के सब्जियों के बीजों के उत्पादन में लगातार कमी आने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का ध्यान ऊपर भाग (ग) में उल्लिखित खतरनाक स्थिति की ओर दिलाया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) नई उन्नत तथा विकसित किस्मों सहित बीजों का उत्पादन करने वाले विभिन्न बीज निगमों के नाम विवरण में दिए गए हैं (नीचे देखिए) ।

(ख) पचास के दशक के उत्तरार्द्ध में कोई भी बीज निगम अस्तित्व में नहीं था। राष्ट्रीय बीज निगम की स्थापना 1963 में की गई थी और इसके बाद राज्य बीज निगमों की स्थापना विभिन्न चरणों में की गई। 1990-91 तथा 1991-92 के लिए वनस्पति बीज उत्पादन नीचे दिया गया है :

वर्ष	मात्रा (लाख क्विंटल)
1990-91	0.10*
1991-92	0.17

*आन्ध्र प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के आंकड़े सम्मिलित नहीं हैं ।